पाठ 15. बिरसा मुंडा

पाठ का उद्देश्य

अध्यापक/अध्यापिका इस पाठ को हाव–भाव सहित कक्षा में पढ़ें। इससे बच्चों के श्रवण–कौशल का विकास होगा। पाठ को सुनकर बच्चों में देशभक्ति की भावना जागेगी। हमारे देश के शहीदों का परिचय प्राप्त होगा। वे देश के इतिहास से परिचित होंगे। अध्यापक/अध्यापिका द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने से उनमें आत्मविश्वास जागेगा और अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़ेगी।

- अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को पाठ शुद्ध उच्चारणसहित पढ़कर सुनाएँ।
- पाठ सुनाने के बाद उनसे पाठ से संबंधित प्रश्न पूछें।
- प्रश्न का उत्तर बताने के लिए बच्चे अपने मित्रों से चर्चा भी कर सकते हैं।
- बच्चों के द्वारा उत्तर देने पर उनका उत्साहवर्धन करें

इस गतिविधि में पाठ सुनने तथा प्रश्न के उत्तर देने से बच्चों की भाषा संबंधी तथा बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। अपने मित्रों के साथ चर्चा करने व अपने विचार अभिव्यक्त करने से उनकी सामाजिक कुशलता संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।